तेलंगाना वन अकादमी के 11वें बैच के 38 वनक्षेत्रपाल प्रशिक्षुओं का अध्ययन भ्रमण (15/07/2025)

तेलंगाना वन अकादमी , हैदराबाद के 11वें बैच के 38 वनक्षेत्रपाल प्रशिक्षु अपने पश्चिम-मध्य भारत अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद - उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान (TFRI), जबलपुर के शैक्षणिक भ्रमण पर पहुँचे।

इस अवसर पर संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं वन विस्तार प्रभाग की प्रभागाध्यक्ष डा. ननिता बेरी द्वारा प्रशिक्षुओं को संस्थान के उद्देश्यों , अनुसंधान गतिविधियों, एवं वानिकी संग्रहालय की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके पश्चात प्रशिक्षुओं को संस्थान के संग्रहालय, कृषि वानिकी प्रक्षेत्र, तथा विभिन्न अनुसंधान इकाइयों का भ्रमण कराया गया।

प्रशिक्षुओं को सु श्री कोमल रानी , वैज्ञानिक बी,आनुवंशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग में टिशू कल्चर प्रयोगशाला तथा डॉ निधीश , वैज्ञानिक बी द्वारा वन सुरक्षा प्रभाग में कीटालय के बारे मे संक्षिप्त जानकारी दी । भ्रमण के दौरान प्रशिक्षुओं ने उष्ण कटिबंधीय वनों से संबंधित अनुसंधान कार्यों को समीप से समझने का अवसर प्राप्त किया।

MICROPROPAGATION OF BAMBOOS

MICROPROPAGATION OF BAMBOOS